टीके की जानकारी का वक्तव्य

# DTaP (डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस) टीका: *आपको जो जानने की जरूरत है*

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

टीके की जानकारी के कई वक्तव्य हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis देखें

## 1. टीकाकरण क्यों करवाएं?

**DTaP टीका डिप्थीरिया, टेटनस, और पर्टुसिस** को रोक सकता है।

डिप्थीरिया और पर्टुसिस व्यक्ति से व्यक्ति में फैलता है। टेटनस कटाव या घावों के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है।

- **डिप्थीरिया** (DIPHTHERIA, D) के कारण सांस लेने में कठिनाई, दिल का दौरा, पक्षाघात, या मृत्यु हो सकती है।
- **टेटनस** (TETANUS, T) मांसपेशियों की दर्दनाक अकड़न का कारण बनता है। टेटनस गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है, जिसमें मुंह खोलने में असमर्थता, निगलने और सांस लेने में परेशानी या मृत्यु शामिल है।
- **पर्टुसिस** (PERTUSSIS, aP), जिसे "काली खांसी" के रूप में भी जाना जाता है, यह बेकाबू, हिंसक खांसी का कारण बन सकता है जिससे सांस लेना, खाना या पीना मुश्किल हो जाता है। पर्टुसिस विशेष रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों में बेहद गंभीर हो सकता है, जिससे निमोनिया, ऐंठन, मस्तिष्क क्षति या मृत्यु हो सकती है। किशोरों और वयस्कों में, यह गंभीर खाँसी से वजन घटने, मूत्राशय के नियंत्रण में कमी, बाहर निकलने और रिब फ्रैक्चर का कारण बन सकता है।

## 2. DTaP टीका

DTaP केवल 7 वर्ष की आयु से छोटे बच्चों के लिए है। बड़े बच्चों, किशोरों और वयस्कों के लिए टेटनस, डिप्थीरिया और पर्टुसिस (टीडीएपी और टीडी) के खिलाफ विभिन्न टीके उपलब्ध हैं।

यह सलाह दी जाती है कि बच्चों को, आमतौर पर निम्न आयु में DTaP की 5 खुराक दी जाएं:

- 2 महीने
- 4 महीने
- 6 महीने
- 15-18 महीने
- 4-6 वर्ष

DTaP को स्टैंड-अलोन टीके के रूप में, या संयोजन टीके (एक प्रकार का टीका जिसमें एक से अधिक टीकों को एक शॉट में एक साथ मिलाया जाता है) के भाग के रूप में दिया जा सकता है।

DTaP को अन्य टीकों के साथ ही दिया जा सकता है।

## 3. अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएं यदि टीका लेने वाले व्यक्ति को:

- **टेटनस, डिप्थीरिया, या पर्टुसिस से रक्षा करने वाले किसी टीके की पिछली खुराक के बाद कोई एलर्जीयुक्त प्रतिक्रिया हुई है,** या कोई **तीव्र, जीवन-घातक एलर्जी हुई है**
- **किसी पर्टुसिस टीके (DTP या DTaP) की पिछली खुराक के बाद 7 दिनों के भीतर कोई कोमा, होश के स्तर में कमी, या लंबे दौरे पड़े हैं**
- दौरे **या तंत्रिका तंत्र की कोई अन्य समस्या है**
- कभी **गुइलेन-बारे सिंड्रोम हुआ है** (जिसे "Guillain-Barré Syndrome, GBS" भी कहा जाता है)
- टेटनस या डिप्थीरिया **से रक्षा करने वाले किसी टीके की पिछली खुराक के बाद तीव्र दर्द या सूजन है**

कुछ मामलों में, आपके बच्चे का स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता DTaP के टीकाकरण को भविष्य की मुलाकात तक के लिए स्थगित कर सकता है।

सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों वाले बच्चों का टीकाकरण किया जा सकता है। जो बच्चे मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें आम तौर पर DTaP का टीका लेने से पहले ठीक होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

आपके बच्चे का स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

## 4. टीका प्रतिक्रिया के जोखिम

- DTaP टीकाकरण के बाद कभी-कभी जहां शॉट दिया गया था वहां दर्द या सूजन, बुखार, घबराहट, थकान महसूस होना, भूख न लगना और उल्टी होना।
- DTaP टीकाकरण के बाद अधिक गंभीर प्रतिक्रियाएं, जैसे दौरे, 3 घंटे या उससे अधिक समय तक लगातार रोना, या तेज बुखार (40.5 डिग्री सेल्सियस [105 डिग्री फारेनहाइट] से अधिक) बहुत कम होती हैं। शायद ही कभी, टीकाकरण के बाद पूरे हाथ या पैर में सूजन हो जाती है, खासकर बड़े बच्चों में जब उन्हें चौथी या पांचवीं खुराक दी जाती है।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

जैसा कि किसी भी दवा के साथ होता है, इस बात की बहुत कम संभावना होती है कि किसी टीके से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर चोट या मृत्यु होती हो।

## 5. यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो क्या होगा?

एलर्जी प्रतिक्रिया टीका लगवाने वाले व्यक्ति के क्लिनिक से जाने के बाद हो सकती है। यदि आपको गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के संकेत (ददोरे, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी) दिखाई देते हैं, तो **9-1-1** पर कॉल करें और उस व्यक्ति को निकटतम अस्पताल ले जाएं।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं को वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) में रिपोर्ट करना चाहिए। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आम तौर पर यह रिपोर्ट जमा करेगा, या आप यह काम खुद भी कर सकते हैं। **www.vaers.hhs.gov** पर VAERS वेबसाइट पर जाएं या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं को रिपोर्ट करने के लिए है, और VAERS के कर्मचारी चिकित्सीय सलाह नहीं देते हैं।*

## 6. नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम

नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम (National Vaccine Injury Compensation Program, VICP) एक संघीय कार्यक्रम है जो उन लोगों को मुआवजा देने के लिए बनाया गया है जो कुछ टीकों से घायल हो सकते हैं। टीकाकरण के कारण लगने वाली कथित चोट या मृत्यु के बारे में दावों को फाइल करने के लिए एक समय सीमा होती है, जो दो साल जैसी छोटी अवधि हो सकती है। प्रोग्राम और किसी दावे को भरने के बारे में जानने के लिए VICP वेबसाइट **www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर जाएं या **1-800-338-2382** पर कॉल करें।

## 7. मैं ज्यादा कैसे जान सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें।
- अपने स्थानीय या राज्य स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- टीके के पैकेज इनसर्टों और अतिरिक्त जानकारी के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) की वेबसाइट **www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636** (**1-800-CDC-INFO**) को कॉल करें या
  - CDC की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines** पर जाएं।

Hindi translation provided by Immunize.org